Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding release of water from Bansagar.

श्री छेदी पासवान (सासाराम): सभापति महोदय, मैं बिहार के रोहतास जिला, इन्द्रपुरी बैराज, जिससे क्रमश: 9 जिलों की सिंचाई होती है । प्रतिदिन नहरों की क्षमता घटती जा रही है । क्षमता के अनुसार पानी नहीं मिल रहा है, जिसकी वजह से किसानों में काफी आक्रोश है । इसके पीछे सबसे बड़ा कारण है कि जो मध्य प्रदेश और बिहार सरकार के मध्य एग्रीमेंट हुआ है, एग्रीमेंट में स्पष्ट रूप से उल्लेख है कि 10 हजार एकड़ फीट पानी दिया जाएगा । बाण सागर से और रिहन्द बाँध से, लेकिन एग्रीमेंट के तहत पानी नहीं दिया जा रहा है और बाण सागर वाले कह रहे हैं कि हम पानी पर्याप्त मात्रा में दे रहे हैं, जबकि 1100 क्यूसेक, 500 क्यूसेक, 600 क्यूसेक से ज्यादा पानी नहीं मिलता है । 10 हजार एकड़ फीट पानी देने का जो एग्रीमेंट है, यदि उतना पानी मिलना शुरू हो जाए, तो हम समझते हैं कि 9 जिले क्रमश: रोहतास, भगवा, कैमूर, बक्सर, भोजपुर, अरवल, ज़हानाबाद, गया और पटना की सिंचाई ठीक ढंग से हो सकती है ।

अतः मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट करता हूं कि संबंधित विभाग को निर्देशित किया जाए, ताकि इस इलाके में पटवन का काम शुरू हो सके ।…(व्यवधान)

माननीय सभापति : कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री राम कृपाल यादव, श्री राजीव प्रताप रूडी और कुमारी शोभा कारान्दलाजे को श्री छेदी पासवान द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।